**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल से मिले किड्स गोल्फ वर्ल्ड चैंपियन अर्जुन भाटी

लखनऊः 27 दिसम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में गौतमबुद्ध नगर के 12 वर्षीय अर्जुन भाटी ने भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया। अर्जुन भाटी ने अभी हाल में मलेशिया में आयोजित किड्स गोल्फ वर्ल्ड चैम्पियनशिप में अंडर-12 श्रेणी का खिताब जीता है। 16 दिसम्बर तक चली इस चैम्पियनशिप में 12 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। अर्जुन भाटी ने अब तक 69 प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया है।

राज्यपाल ने अर्जुन भाटी को शुभकामना देते हुए कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी प्रदेश एवं देश का नाम रौशन करने के लिए और परिश्रम करें।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (493/59)



